# प्रदेश में व्यापार को आसान बनाने पर सरकार का फोकस : राज्यवर्धन सिंह

## उद्योगों की समस्याओं के निराकरण के लिए ज्वाइंट ग्रुप की घोषणा

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य में व्यापार को सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि नई तकनीक, स्किल डेवलेपमेंट और मार्केटिंग के साथ क्वालिटी प्रोडक्ट ही उद्योगों को प्रतिस्पर्धा में बनाए रख सकते हैं। वे आज लघु उद्योग भारती, राजस्थान द्वारा आयोजित उद्योग, वन, पर्यावरण और खान विभाग विषयक राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे, जो पहली बार एक मंच पर इन सभी विषयों को लेकर संवाद स्थापित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास था।



जयपुर स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में संगोष्ठी आयोजित हुई।

जयपुर स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित इस संगोष्ठी में उद्योग मंत्री राठौड़ ने महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि राज्य में उद्योगों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित और स्थाई समाधान हेतु एक ज्वाइंट ग्रुप गठित किया जाएगा, जिसमें उद्योग, वन, खान, स्किल डेवलपमेंट विभाग के साथ-साथ लघु उद्योग भारती जैसे अग्रणी संगठन को भी सम्मिलित किया जाएगा। यह समूह सभी विभागों के साथ समन्वय के साथ जमीनी समस्याओं को चिन्हित करेगा और उनके सहज समाधानों के साथ इस ग्राउंड रिपोर्ट को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

**दर वृद्धि को रोके जाने की बड़ी उपलब्धि:-** इस अवसर पर उद्योग राज्य मंत्री केके विश्नोई ने बताया कि जीएसटी काउंसिल में पत्थर पर टैक्स को 18 से बढ़ाकर 28 करने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे उनके सतत प्रयासों से रोका गया। यह पत्थर उद्योग के लिए एक बहुत बड़ी राहत है और सरकार की व्यावसायिक संवेदनशीलता का प्रमाण है। विश्नोई ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में मार्बल-ग्रेनाइट पर जीएसटी दर और कम करने की दिशा में प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने और अप्रासंगिक कानूनों और नियमों की समीक्षा कर उनमें आवश्यक परिवर्तन किए जाएंगे जिससे उद्योगों को वास्तविक राहत मिल सके।

**राज्य में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण:-** प्रदेश के इंडस्ट्री कमिश्नर रोहित गुप्ता ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपयों के एमओयू में से चार लाख करोड़ से अधिक के निवेश को लगातार मॉनिटरिंग से धरातल पर लाया जा रहा है जो इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल बन रहा है. उन्होंने एमएसएमई, ओडीओपी और रिप्स आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी और प्रदेश को सौर ऊर्जा का हब बताया।

# हथियार तस्करी का सप्लायर लखनऊ से गिरफ्तार

- **कुख्यात हथियार सप्लायर प्रवीण उर्फ अंकल ने सलमान को सप्लाई किए थे खतरनाक हथियार**

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक राजस्थान की ओर से अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रतापगढ़ पुलिस और एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात हथियार सप्लायर प्रवीण वर्मा उर्फ अंकल को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया है। यह वही प्रवीण है जिसने प्रतापगढ़ में पकड़े गए कुख्यात अपराधी सलमान को अवैध हथियार उपलब्ध कराए थे।

यह मामला 28 जून 2025 को शुरू हुआ जब छोटीसादड़ी थानाधिकारी प्रवीण टांक ने राकेश राठौर पुत्र कचरु लाल निवासी गंगधार, झालावाड़ को एक ऑटोमेटिक देशी पिस्टल और दो खाली मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया। राकेश से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने सलमान पुत्र शेरखान निवासी नागदा को गिरफ्तार किया और उसके पास से 14 देशी- विदेशी हथियार और 1860 कारतूस बरामद किए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन के निर्देशन में एसपी बंसल ने हथियारों की सप्लाई करने वाले अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। इस टीम ने गहनता से जांच की और एजीटीएफ टीम और छोटीसादड़ी पुलिस टीम ने मिलकर आरोपी प्रवीण वर्मा उर्फ अंकल को लखनऊ जिला जेल से प्रोटेक्शन वारंट के जरिए गिरफ्तार किया। प्रवीण उर्फ अंकल फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश के कोतवाली थाना क्षेत्र के काजीटोला मस्जिद के सामने का निवासी है, अपराध जगत में अंकल के नाम से कुख्यात है। पूछताछ में पता चला है कि प्रवीण उर्फ अंकल ने राकेश और जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू बिलोनी को ऑटोमेटिक और प्रतिबंधित हथियार व कारतूस दिए थे, जो अंततः कुख्यात अपराधी सलमान तक पहुंचे थे।रे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

अवैध हथियार तस्करी के इस बड़े खुलासे में दो पुलिस टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छोटीसादड़ी थाना से थानाधिकारी प्रवीण टांक के नेतृत्व में उप निरीक्षक निर्भय सिंह और नारायणलाल, सहायक उप निरीक्षक शिवराम और अर्जुन सिंह, हैड कांस्टेबल सुरेश और कांस्टेबल रामराज शामिल थे।

# 'युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर'

**जयपुर।** प्रदेश में सरकारी सेवाओं में युवाओं को अधिक से अधिक अवसर देने के क्रम में राज्य सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में तकनीशियन-तृतीय के 1947 नवीन पदों के सृजन तथा इन पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने के महत्वपूर्ण प्रस्ताव को वित्तीय स्वीकृति दी है।

ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सरकारी सेवाओं में युवाओं को अधिक से अधिक अवसर देने के संकल्प के क्रम में इस निर्णय से वितरण कंपनियों में तकनीकी कार्मिकों की कमी को पूरा किया जा सकेगा। जयपुर डिस्कॉम में 537, अजमेर डिस्कॉम में 498 तथा जोधपुर डिस्कॉम में 912 तकनीशियन-तृतीय के नवीन पदों के सृजन के ऊर्जा विभाग के प्रस्ताव का उपमुख्यमंत्री (वित्त) ने अनुमोदन किया है।

# कृषि उपभोक्ताओं को राहत के लिए ऊर्जा मंत्री की पहल

**जयपुर।** ट्रांसफॉर्मर चोरी हो जाने पर नया ट्रांसफॉर्मर लेने के लिए विद्युत उपभोक्ताओं को अब एफआईआर दर्ज होने का इंतजार नहीं करना होगा। विशेषतः कृषि उपभोक्ताओं को इसका बड़ा लाभ होगा और एफआईआर दर्ज होने की प्रतीक्षा किए बिना वे तुरंत नया ट्रांसफॉर्मर हासिल कर पाएंगे। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर की पहल पर विद्युत वितरण निगमों ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि ट्रांसफॉर्मर चोरी होने के बाद एफआईआर दर्ज होने की प्रक्रिया में लम्बा समय लग जाता था। नए ट्रांसफॉर्मर के लिए काश्तकार भटकते रहते थे और सिंचाई के अभाव में कई बार उनकी फसलें सूख जाया करती थीं। जिसका उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता था।

नागर ने बताया कि डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर चोरी होने पर सहायक अभियंता के द्वारा संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए पत्र भेजा जाएगा।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपा जनप्रतिनिधि साधु-संतों का करेंगे सम्मान

**जयपुर ।** भारतीय संस्कृति में गुरु-परंपरा सनातन धर्म का आत्मा-स्तंभ है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी के सभी जन-प्रतिनिधि, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, पार्षद एवं संगठन पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के मठ, मंदिर, गुरुद्वारा, आश्रम आदि धार्मिक स्थलों में गुरु पूर्णिमा समारोह के अवसर पर साधु-संतों को श्रद्धा और आदर सहित सम्मानित करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भरतपुर में पूंछरी के लौठा में संत-महात्माओं का बहुमान करेंगे और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ पाली में गजानंद जी मंदिर में महंत नारायण गिरी और सुरेश गिरी महाराज का शॉल, माला पहनाकर सम्मान करेंगे एवं आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अरुण चतुर्वेदी एवं सह संयोजक सौरभ सारस्वत जगतपुरा कच्ची बस्ती स्थित सुंदर सागर महाराज का बहुमान करेंगे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ जयपुर के नंदपुरी स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में संतों का आशीर्वाद लेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया जोधपुर में गुरू पूर्णिमा उत्सव में भाग लेंगे।

जयपुर में यह आयोजन विशेष रूप से भव्य होगा। विधायक गोपाल शर्मा मोती डूंगरी मंदिर के महंत कैलाश चंद्र शर्मा एवं गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार स्वामी को सम्मानित करेंगे। पूर्व प्रदेश महामंत्री जगवीर छाबा 52फिट हनुमान मंदिर में राम जोशी महाराज का सम्मान करेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी आदित्य सागर महाराज का, डॉ. मनजीत कोर, जान्हवी सिंह, गुरदीप सिंह , गुरुविंदर सिंह, जीएस होरा को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह एवं सहयोगी सम्मिलित होकर सम्मान करेंगे।

कार्यक्रम संयोजक अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि पूर्व सांसद रामचरण बोहरा प्रभु अमित आसन दास मंदिर (श्री राधाकृष्ण जी) में बहुमान करेंगे। विधायक कैलाश वर्मा महंत बस्ती नाथजी महाराज (लुनियावास), गुरुदेव भुवनेश्वरानंद महाराज (सत्यात्म पहाड़ी बाबा आश्रम, गोनेर) का आदर करेंगे। प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ महुआ स्थित गुरु महाराज आश्रम जाकर आशीर्वाद लेंगे।

पूर्व विधायक मोहन गुप्ता हाथोज धाम में संत बालमुकुंदाचार्य महाराज, चंद्र मनोहर बटवाडा महाराज अवधेशानंद, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह पारीक महंत अलबेली शरण महाराज का सम्मान करेंगे। उन्होंने बताया कि समाज के कोने कोने से जन-प्रतिनिधि व नेताओं द्वारा स्थानीय धार्मिक व आध्यात्मिक केंद्रीय स्थलों - मठ, मंदिर, गुरुद्वारा, आश्रम में शाल, श्रीफल, माला प्रदान कर सम्मान व्यक्त किया जाएगा। सम्मान के पश्चात वे गुरुजनों से आशीर्वाद ग्रहण करेंगे।

# मोबाइल छीनने वाला मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार

**जयपुर।** संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने वाले एक मोबाइल स्नैचर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से छीना गया मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित नशे करने का आदि है और नशा पूर्ति और मौज-मस्ती के लिए चेन स्नेचिंग की वारदात करता है।

# गुरु पूर्णिमा पर सरकार गुरुजनों को करेगी सम्मानित

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल**
- **प्रदेशभर में आयोजित होंगे गुरु वंदन कार्यक्रम**

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार इस बार भी गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुजनों के सम्मान में गुरुवंदन कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश भर में धर्मगुरुओं, महंतों और पुजारियों का सम्मान किया जाएगा।

शर्मा के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से धर्मगुरुओं, महंतों और पुजारियों को 2100 रूपए सम्मान राशि, श्रीफल, शॉल, मिठा एवं गुरुवंदन संदेश भेंट किए जाएंगे। कार्यक्रम में मंत्रीगण, विधायकगण, जिला कलक्टर या उनके द्वारा नामित अधिकारी उपस्थित रहकर गुरुजनों का सम्मान करेंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शर्मा ने गत वर्ष से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुजनों के सम्मान में गुरु वंदन कार्यक्रम की पहल की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरू पूर्णिमा (10 जुलाई) के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु-शिष्य परंपरा का परिचायक है। यह हमें अपने गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने की प्रेरणा देता है।

# सीआरसी ने किया दिव्यांगजनों के लिए फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' का प्रदर्शन

- **दिव्यांग बच्चों ने फिल्म का आनंद लिया**
- **समाज में दिया जागरूकता का संदेश**

**जयपुर।** समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र (सीआरसी), जामडोली, जयपुर ने भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार सितारे ज़मीन पर फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन बुधवार को पीवीआर सिनेमा में किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों ने फिल्म का आनंद लिया।



फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन बुधवार को पीवीआर सिनेमा में किया ।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश गहलोत ने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति समाज में स्वीकृति और समानता का भाव अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने सीआरसी की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण और समावेशिता को बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त निदेशक केसर लाल मीना ने सीआरसी द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की प्रशंसा की और संस्थान को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

सीआरसी जयपुर के निदेशक नीरज मधुकर ने बताया कि यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं बल्कि दिव्यांगता के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता एवं एक समावेशी समाज की दिशा में सार्थक प्रयास है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में भामाशाह हाजी रुखसार अहमद ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर सपोर्ट फाउंडेशन फॉर ऑटिज्म एंड डेवलपमेंटल डिसेबिलिटीज, राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ, मानसिक विमंदित गृह, जामडोली समेत विभिन्न संस्थाओं के विशेष बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# '50 साल पुरानी सीवर लाइनें जयपुर की दुर्दशा का कारण'

- **जयपुर की जर्जर सीवर व्यवस्था पर गिरिराज खंडेलवाल का बड़ा बयान**

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गिरिराज खंडेलवाल ने जयपुर शहर की बदहाल सीवर व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार और नगर निगम प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी जयपुर की तस्वीर आज यह है कि 50 वर्ष पुरानी सीवर लाइनों पर पूरा शहर टिका हुआ है और 480 करोड़ की योजना केवल कागज़ों तक ही सीमित है।

उन्होंने कहा कि ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र के प्रतापनगर, माणकचौक, विद्याधर नगर, मालवीय नगर, सांगानेर जैसे कई इलाकों में लोग सीवर जाम और गंदे पानी से परेशान हैं। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन दूभर हो गया है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा के शासन में नगर निगम की कार्यप्रणाली पूरी तरह से असफल साबित हुई है।

वर्षों से सीवर की सफाई नहीं हुई, और जहां कुछ काम शुरू भी हुआ, वह अधूरा छोड़ दिया गया। करोड़ों की योजनाएं केवल घोषणाओं तक ही सीमित हैं, जमीनी स्तर पर कुछ नजर नहीं आ रहा।

गिरिराज खंडेलवाल ने सवाल किया कि जब 7000 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन में से 4500 किलोमीटर ग्रेटर निगम के पास है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? हर साल सफाई के नाम पर करोड़ों का बजट पास होता है, लेकिन हालात जस के तस हैं।

उन्होंने सरकार से मांग की कि सीवर लाइनों की तत्काल सफाई करवाई जाए, पुरानी लाइनों को बदलने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, सभी ज़िलों और कॉलोनियों में ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से कार्य की निगरानी हो, आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान हो,जयपुर स्मार्ट सिटी है, लेकिन सच्चाई गंदगी और बदहाली से भरी है। कांग्रेस जनता की इस पीड़ा के साथ खड़ी है और हर स्तर पर इसे उठाएगी।

# चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या

**जयपुर।** सेज थाना इलाके में स्थित नेवटा गांव अज्ञात बदमाशों ने एक युवक पर चाकूओं से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी और शव को सुनसान जगह पर फेंकर फरार हो गए। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क पर शव देखा। जिसके बाद इलाके में सनसनी फेल गई और घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जानकारी फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम को दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए बगरू के सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। सूचना पर मौके पर पहुंची फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम ने घटनास्थल से कुछ सबूत जुटाए। थानाधिकारी उदय सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर कई गहरी चोट के निशान मिले है। जहां भी चोट के निशान है वहां से खून सूख चुका है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि युवक की हत्या करीब 10 घंटे पहले की कहीं ओर करके शव को यहां डाला गया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस थाना इलाके में चल रहीं खानों में फोटो के आधार पर मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास कर रहीं है।

# जयपुर में राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान का आगाज



जोगिंदर सिंह अवाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ली सदस्यता।

**जयपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान का आज भव्य शुभारंभ हुआ। पिंक सिटी प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों से आए लगभग 700 कार्यकर्ताओं ने आरएलडी की सदस्यता ग्रहण की। इस अभियान का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर अवाना द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने सुरजीत चौधरी समेत सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अभियान केवल सदस्यता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतरत्न से सम्मानित स्व. चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। अवाना ने कहा, कि यह अभियान राष्ट्रीय लोकदल की उस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है जो किसानों, मजदूरों और आम जनता की बात करती है। आने वाला समय आरएलडी का है और हम सब मिलकर स्व. चौधरी चरण सिंह के सिद्धांतों को धरातल पर उतारेंगे। अवाना ने कहा कि पार्टी द्वारा इस अभियान के तहत युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण वर्ग को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जयपुर से शुरू हुआ यह सदस्यता अभियान जल्द ही राजस्थान के अन्य जिलों में भी व्यापक स्तर पर चलेगा। इस बड़ी भागीदारी से स्पष्ट है कि राष्ट्रीय लोकदल राज्य में एक मजबूत जनाधार स्थापित करने की ओर अग्रसर है।

# रीको ने प्राकृतिक धरोहर को सहेजा, वृक्षों को दी नई जमीन और नया जीवन

- **10 खेजड़ी के वृक्षों को रोपित किये जाने की नई जगह का चयन रीको जयपुर नगर निगम के सहयोग से करेगा**

**जयपुर।** राजस्थान में औद्योगिक विकास को हरित संतुलन के साथ आगे बढ़ाने की दिशा में रीको ने एक सराहनीय पहल की है। रीको द्वारा बी टू बायपास टोंक रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में करीब 20,700 स्कवायर मीटर भूखण्ड पर यूनिटी मॉल विकसित किया जा रहा है। इस भूखण्ड पर चिलाई, नीम एवं बबूल के लगभग 48 पेड़ तथा 10 खेजड़ी के पेड़ हैं। इनमें से जिला प्रशासन जयपुर के अनुमोदन पश्चात् नगर निगम (ग्रेटर) की सहायता से हटाये गये 48 नीम, चिलाई और बबूल के वृक्षों का सुरक्षित प्रत्यारोपण रीको ने जयपुर प्रताप नगर स्थित प्रताप पार्क, अजय पार्क एवं गणपतपुरा श्मशान में कर दिया है। इसके अतिरिक्त 10 खेजड़ी के वृक्षों को रोपित किये जाने की नई जगह का चयन रीको जयपुर नगर निगम के सहयोग से करेगा।



जयपुर में हुई मानसूनी बारिश से इन वृक्षों पर फूटी नई कोपलों ने रीको के इस कार्य को सफल साबित कर दिया है। ये वृक्ष पूरी तरह हरे-भरे हो जाएं तब तक रीको द्वारा इनकी उचित देखभाल की जायेगी।

यूनिटी मॉल परियोजना के भूखण्ड से विस्थापित किये जाने वाले 58 पेड़ों की एवज में रीको इससे लगभग 10 गुना पेड़ लगाएगा जिसमें नीम, गुलमोहर, जामुन एवं शीशम इत्यादि शामिल हैं। यह पेड़ उसी औद्योगिक क्षेत्र (बीटूबायपास) में लगाये जायेंगे जिसमें यूनिटी मॉल परियोजना विकसित की जा रही है। इन पेड़ों के अलावा भी रीको यूनिटी मॉल की प्रोजेक्ट साइट पर करीब 250 पेड़ और लगायेगा जिसमें अफरीकन ट्यूलिप, ब्राजीलियन केसिया, नीम, शीशम और कदम्ब इत्यादि शामिल हैं।

रीको की यह प्रतिबद्धता दर्शाती है कि औद्योगिक विकास के साथ वह पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने को लेकर भी पूरी तरह सतर्क है। प्रत्येक वर्ष रीको द्वारा स्वयं अथवा औद्योगिक एसोसिएशंस के माध्यम से लाखों पौधे लगाए जाते हैं। इस वर्ष भी पूरे राजस्थान स्थित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग पांच लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

गौरतलब है कि जयपुर में बनाया जा रहा यूनिटी मॉल केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण महात्वाकांक्षी योजना के तहत विकसित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और स्थानीय कारीगरों को विपणन का मंच उपलब्ध कराना है।

मेक इन इंडिया एवं एक जिला एक उत्पाद की अवधारणा यूनिटी मॉल के निर्माण से साकार हो सकेगी। इसके माध्यम से जीटेग मिल चुके उत्पादों से जुड़े ग्रामीण परिवेश के मध्यम एवं छोटे उद्यिमयों को अपने उद्यम को चलाने एवं बढ़ाने के लिये नया मंच मिलेगा।

रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि राज्य के हर औद्योगिक क्षेत्र के विकास के साथ-साथ वहां की हरियाली एवं पर्यावरण संतुलन को भी प्राथमिकता दी जाती है। रीको पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी पूर्णतया सचेत है और पर्यावरण के प्रति अपनी प्रत्येक जिम्मेदारी निभाने की ओर अग्रसर है।

प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्र हरा-भरा हो, इसके लिये प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पौधारोपण किया जाता है और उन पौधों की देखभाल भी जाती है। यूनिटी मॉल की प्रस्तावित जगह से वृक्षों का सफल प्रत्यारोपण किया गया है और उनकी देखरेख के लिये आवश्यक दिशानिर्देश भी दिये गये हैं।

# हिरणाक्षी राठौड़ फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयनित



**जयपुर।** जयपुर के हरि मार्ग, सिविल लाइन्स की निवासी हिरणाक्षी राठौड़ का भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयनित होकर अपने परिवार और जयपुर का नाम रोशन किया है। हिरणाक्षी ने 6 जुलाई को हैदराबाद स्थित प्रशिक्षण केंद्र में डेढ़ वर्षीय प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद स्थित एयरफोर्स एकेडमी में ज्वाइन कर लिया है। हिरणाक्षी बचपन से ही सेना में अधिकारी बनने की तीव्र इच्छा रखती थी इसको पूरा करने के लिए उन्होंने शुरू से ही कठोर मेहनत की। बनस्थली विद्यापीठ से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन में बीटेक डिग्री प्राप्त करने के बाद 2 वर्ष तक एचएसबीसी बैंक में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की प्राइवेट सेक्टर की नौकरी के दौरान लगातार भारतीय वायु सेना के लिए प्रयासरत रही।

# जेडीए का आवासीय योजनाओं में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

- **मौके पर जारी किये गये कब्जा पत्र वितरण**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन - 12 के क्षेत्राधिकार में स्थित अटल विहार एवं रघुनाथ विहार आवासीय योजनाओं में मौके पर कब्जा पत्र एवं वृक्षारोपण आयोजित कर सफल आवेदकों को मौके पर कब्जा पत्र जारी किये और भूखण्ड मालिकों से वृक्षारोपण करवाया गया।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर को हराकृभरा बनाने की दिशा में राजस्थान की मुहिम को बढावा देते हुए जोन - 10 एवं जोन - 12 के क्षेत्राधिकार में स्थित आवासीय योजनाओं के सफल आवेदकों को कब्जा पत्र जारी करने और वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत बुधवार से शुरूआत की गई। जेडीए द्वारा जुलाई एवं अगस्त माह में आयोजित किये जायेंगे।

उपायुक्त जोन-12 के नेतृत्व में, संबंधित जोन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे। सफल आवेदकों को कब्जा पत्र जारी करने की प्रक्रिया सफल रही। इसके साथ ही वरिष्ठ उद्यानविज्ञ अपनी टीम के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहें।



भूखण्ड मालिकों ने लगाये वृक्ष।

यह कार्यक्रम न केवल आवासीय योजनाओं के सफल आवेदकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी जेडीए की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम है। जेडीए का ध्येय है कि आमजन के साथ मिलकर जयपुर शहर को हरा-भरा बनाना है।

जेडीए द्वारा जोन - 12 में 10.07.2025 को रजत विहार, जोन-10 में 16.07.2025 को गोविन्द विहार एवं 12.08.2025 को पटेल नगर में आयोजित किये जायेंगे।